जीयनपुर के पकवाइनार बाजार में नकली रसगुल्ला (छेना) मिठाई बनाने की चलती है फैक्ट्री

सगड़/आजमगढ़:सगड़ी तहसील क्षेत्र के पकवाइनार बाजार में नहर के किनारे एक मकान में कई वर्ष से नकली रसगुल्ला (छेना) मिठाई बनाने की फैक्ट्री चलती है। जो जगह-जगह बाजारों में दुकानों पर सप्लाई की जाती है। विभागीय अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से यह धंधा कई वर्षों से चल रहा है। पकवाइनार बाजार में नहर के किनारे एक मकान में पाउडर और केमिकल मिलाकर नकली रसगुल्ला बनाया जाता है। यह कार्य धड़ल्ले से चल रहा है,

जो लोगों के जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। इस मिठाई की सप्लाई जीयनपुर, अजमतगढ, बागखालिस, अंजान शहीद, मनिकाडीह, बाजार गोसाई,मालटारी, बनकट बिलरियागंज सहित पूरे क्षेत्र बाजारों में मिठाई की दुकानों नकली रसगुल्ला(छेना) की सप्लाई की जाती है। नकली रसगुल्ला की फैक्ट्री चलाने वाला दुकानदारों को रसगुल्ला 100 से 110 रुपए किलो देता है। दुकानदार इस नकली रसगुल्ला को डेढ़ सौ से 200 रुपए किलो बेचते है। दुकानदारों को भी नकली रसगुल्ला बेचने में अच्छी कमाई हो जाती है।

ग्राहक मिठाई की दुकान पर रसगुल्ला लेने जाता है तो दुकानदार कहते हैं कि मेरे दुकान का पेवर रसगुल्ला बना हुआ है। इस तरह नकली रसगुल्ला बेचकर उन ग्राहकों के सेहत के साथ खिलाफ खिलवाड़ किया जा रहा है। लोग नकली रसगुल्ला खाकर बीमार भी पड़ हैं। विभागीय अधिकारी मौन साधे हुए हैं, इतने दिनों से यह नकली रसगुल्ला बनाया जाता है, लेकिन किसी अधिकारी की निगाह इस तरफ नहीं पड़ती है।

लोगों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से ऐसा हो रहा है। वहीं लोगों ने नकली रसगुल्ला बनाने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

Source: https://www.hindektatimes.com/40104/#google_vignette